राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद् की बैठक आयोजित हुई

पटना, 08 जनवरी 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक की अध्यक्षता में 'बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद्' की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संस्था की गतिविधियों की समीक्षा हुई तथा भविष्य की कार्य–योजनाओं पर विचार हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नये वर्ष में संस्था को अपनी गतिविधियों को विस्तारित करना चाहिए तथा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए अपनी गतिविधियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों को तेज करना चाहिए। राज्यपाल श्री मलिक ने कहा कि राज्य के समाज कल्याण विभाग, विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों एवं खासकर 'यूनिसेफ' के साथ समन्वय स्थापित कर परिषद् को बच्चों के लिए किए जानेवाले कल्याणकारी कार्यों को बहुमुखी बनाना चाहिए।

बैठक में सदस्यों के सुझाव पर सर्वसम्मत यह निर्णय लिया गया कि पटना के आर॰ ब्लॉक स्थित मंद बुद्धि शिशु संस्थान का नाम बदल कर ''बौद्धिक दिव्यांग शिशु संस्थान'' किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में वीरतापूर्ण कार्य करनेवाले बालकों को पुरस्कृत करने के लिए नाम आमंत्रित करने हेतु भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री अतुल प्रसाद, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद्, राजभवन, पटना के उपाध्यक्ष श्री अजित कुमार सिंह, अपर सचिव श्री विजय कुमार सहित परिषद् के सभी सदस्यगण एवं राज्यपाल सचिवालय के अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

....